भारत सरकार
महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 469

दिनांक 22 जुलाई, 2026 को उत्तर के लिए

पंखुड़ी सीएसआर साझेदारी पोर्टल

469. श्री एस. कल्याणसुन्दरम:

क्या **महिला एवं बाल विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने महिलाओं एवं बाल कल्याण के लिए कॉरपोरेट, गैर-सरकारी संगठनों तथा सरकारी एजेंसियों के बीच सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु पंखुड़ी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) और साझेदारी सुविधा डिजिटल पोर्टल प्रारंभ किया है, यदि हाँ, तो इसकी विशेषताओं तथा कार्यक्षेत्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) पोर्टल पर पंजीकृत परियोजनाओं की संख्या, जुटाई गई निधियों तथा इन परियोजनाओं के अंतर्गत आच्छादित क्षेत्र-वार मुख्य क्षेत्रों का ब्यौरा क्या है;

(ग) विशेष रूप से तमिलनाडु में, कार्यान्वित परियोजनाओं का राज्य-वार तथा जिला-वार ब्यौरा तथा महिलाओं एवं बाल विकास के संबंध में प्राप्त परिणामों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) पोर्टल के माध्यम से इन सीएसआर साझेदारियों की प्रगति, प्रभावशीलता तथा प्रभाव का आकलन करने के लिए कौन-से निगरानी, मूल्यांकन तथा प्रतिवेदन तंत्र स्थापित किए गए हैं?

उत्तर
महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री
(श्रीमती सावित्री ठाकुर)

(क) से (घ): पंखुड़ी पोर्टल का शुभारंभ 8 जनवरी, 2026 को किया गया था। यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एकल-खिड़की डिजिटल मंच है, जिसे महिला एवं बाल विकास पहलों में व्यक्तियों, गैर-सरकारी संगठनों, कॉरपोरेट्स एवं अनिवासी भारतीयों

(एनआरआई) की व्यवस्थित एवं पारदर्शी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है। यह पोर्टल पंजीकरण, प्रस्ताव प्रस्तुत करने एवं योगदान (केवल गैर-नकद योगदान) को ट्रैक करने के लिए सम्पूर्ण डिजिटल प्रक्रिया की सुविधा उपलब्ध कराता है। राज्य एवं संघ राज्य क्षेत्रों की सरकारों के अंतर्गत कार्यरत जमीनी स्तर के संस्थान, जो मंत्रालय के तीनों मिशनों से संबंधित कार्य करते हैं, पोर्टल पर अपनी आवश्यकताएं दर्शा कर सकते हैं।

पंखुड़ी पोर्टल पोषण, स्वास्थ्य, प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई), बाल संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण जैसे प्राथमिकता वाले अहम क्षेत्रों को सहायता देते हुए मंत्रालय के मिशन सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0, मिशन वात्सल्य और मिशन शक्ति सहित प्रमुख योजनाओं के अनुरूप योगदान देता है जिसके फलस्वरूप सरकारी निकायों और सहयोगी संगठनों के बीच तालमेल को बढ़ावा मिलता है।

दिनांक 20.07.2026 तक, पोर्टल पर कुल 1,36,385 परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं। राज्य-वार पंजीकृत परियोजनाओं की जानकारी अनुलग्नक में दी गई है। तमिलनाडु में कुल 16,685 परियोजनाएं पंजीकृत की गई हैं। अब तक किसी भी योगदानकर्ता ने तमिलनाडु में पंजीकृत किसी भी परियोजना में योगदान की पहल नहीं की है।

*****

अनुलग्नक

दिनांक 20/07/2026 तक पंखुड़ी पोर्टल पर पंजीकृत परियोजनाओं का राज्य-वार विवरण

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	पंजीकृत परियोजना
1	अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	4
2	आंध्र प्रदेश	17227
3	असम	1473
4	बिहार	18142
5	छत्तीसगढ़	19526
6	गोवा	697
7	गुजरात	26938
8	हरियाणा	546
9	हिमाचल प्रदेश	145
10	जम्मू और कश्मीर	95
11	झारखंड	3
12	केरल	8
13	लक्षद्वीप	2
14	मध्य प्रदेश	19415
15	महाराष्ट्र	29
16	मेघालय	154
17	मिजोरम	697
18	नागालैंड	283
19	ओडिशा	1
20	पुद्दुचेरी	100
21	पंजाब	1235
22	राजस्थान	1054
23	सिक्किम	33
24	तमिलनाडु	16685
25	तेलंगाना	9934
26	त्रिपुरा	1232
27	उत्तर प्रदेश	391
28	उत्तराखंड	332
29	पश्चिम बंगाल	4
कुल		**136385**